कार्यालय लोक सूचना अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर हनुमानगढ

प्रकरण संख्या 02/2018 सूचना के अधिकार के अन्तर्गत

श्री ईआर. पंकज, ई–2 धान मण्डी विस्तार, रामपुरा रोड, वार्ड नं0 18 रावतसर, तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ।

––अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार (राजस्व) रावतसर।

––प्रत्यार्थी

आदेश

दिनांकः–20.02.2018

यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार (राजस्व) रावतसर के विरूद्ध प्राप्त हुई।

अपीलार्थी उपस्थित नही। अपीलार्थी के अपील में अंकित तथ्यो के अनुसार लोक सूचना अधिकारी एवं अपर जिला कलक्टर हनुमानगढ द्वारा प्रार्थना पत्र को लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार (राजस्व) रावतसर को सूचना उपलब्ध करवाने हेतु स्थानान्तरण किया गया है। लोक सूचना अधिकारी एवं अपर जिला कलक्टर हनुमानगढ द्वारा सूचना उपलब्ध नही करवाई गई और ना ही तहसीलदार (राजस्व) रावतसर द्वारा सूचना उपलब्ध करवाने पर अपीलार्थी द्वारा यह यह अपील की गई।

पत्रावली का अवलोकन किया। लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार (राजस्व) रावतसर से अपील में कोई जवाब प्राप्त नही हुआ है। पत्रावली पर उपलब्ध लोक सूचना अधिकारी एवं अपर जिला कलक्टर हनुमानगढ के पत्र दिनाक 28.11.2017 के अनुसार उनके द्वारा अपीलार्थी के प्रार्थना पत्र को आपको अन्तरित किया जाना पाया गया है। अतः ऐसी स्थिति में अपीलार्थी की अपील स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार (राजस्व) रावतसर को निर्देश दिये जाते है कि वे अपीलार्थी के प्रार्थना पत्र 21.11.2017 के अनुसार सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत उसके द्वारा चाही गई सूचना अपीलार्थी को नियमानुसार उपलब्ध करवाई जावे। आदेश की प्रति दोनो पक्षो को भेजी जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफतर की जावे।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
एवं जिला कलक्टर
हनुमानगढ

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official